## महत्वपूर्ण एवं खास

### छत्तीसगढ़ में अब तक 609.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक 1 जून 2021 से अब तक राज्य में 609.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 9 अगस्त तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार सुकमा जिले में सर्वाधिक 917.8 मिमी और बालोद जिले में सबसे कम 425.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 533.2 मिमी, सूरजपुर में 762.5 मिमी, बलरामपुर में 723.5 मिमी, 0जशपुर में 658.2 मिमी, कोरिया में 650.9 मिमी, रायपुर में 518.4 मिमी, बलौदाबाजार में 623.1 मिमी, गरियाबंद में 519.8 मिमी, महासमुंद में 508.9 मिमी, धमतरी में 502.1 मिमी, बिलासपुर में 663.8 मिमी, मुंगेली में 611.7 मिमी, रायगढ़ में 538.6 मिमी, जांजगीर चांपा में 636.3 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 680.6 मिमी, दुर्ग में 524.7 मिमी, कबीरधाम में 499.4 मिमी, राजनांदगांव में 451.3 मिमी, बेमेतरा में 721 मिमी, बस्तर में 489.1 मिमी, कोण्डागांव में 576.2 मिमी, कांकेर में 502.3. मिमी, नारायणपुर में 705.1 मिमी, दंतेवाड़ा में 545.3 मिमी, और बीजापुर में 676.5 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

### मुख्यमंत्री बघेल मांदरी नर्तक दलों के साथ थिरके

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री निवास पर आज विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नगरी से आये मांदरी लोक नर्तक दल ने आकर्षक प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी आदिवासियों की पारंपरिक वेशभूषा में उनके साथ मांदर की ताल पर जमकर थिरके। आदिवासी विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने भी मुख्यमंत्री के साथ मांदर पर थाप दी और नर्तक दलों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू और वन मंत्री मोहम्मद अकबर, संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव, मुख्यमंत्री के सलाहकार राजेश तिवारी भी उपस्थित थे।

### राजस्व मंत्री का दौरा

**रायपुर (आरएनएस)।** राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल 10 अगस्त को सबेरे 9 बजे कार से कोरबा से जांजगीर-चांपा जिले के लिए प्रस्थान करेंगे। अग्रवाल वहां पर कलेक्ट्रेट में 11 से 12 बजे तक आयोजित बैठक में शामिल होने के बाद स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेने के बाद वहां से दोपहर 2 बजे प्रस्थान कर 4 बजे रायपुर आयेंगे।

### नशीली गोली बेचने वाला आदतन बदमाश पकड़ाया

**भिलाई (आरएनएस)।** सुपेला पुलिस ने सोमवार को नशीली गोली बेचने वाले एक आदतन बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से लगभग तीन हजार रूपए कीमत की 195 नशीली टेबलेट बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के निर्देश पर नशीले पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार 9 अगस्त को मुखबीर सूचना के आधार पर संजय नगर तालाब के किनारे जी ई रोड के सामने नशीली दवाई बेच रहे अतुल वासनिक उम्र 23 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

# आदिवासी समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत छत्तीसगढ़ की पहचान-मुख्यमंत्री

» विश्व आदिवासी दिवस के वर्चुअल कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल हुए शामिल

» रायगढ़ जिले में 24 हजार 356 हेक्टेयर भूमि के दिए गए वन अधिकार पत्र

**रायगढ़ ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज अपने निवास कार्यालय में विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने विश्व आदिवासी दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि आदिवासी समुदायों की समृद्ध सामजिक और सांस्कृतिक विरासत छत्तीसगढ़ की पहचान है। इसके संरक्षण और संवर्धन की दिशा में सरकार लगातार कार्य कर रही है। वन अधिकार कानून को प्रभावी तरीके से लागू कर आदिवासी समुदायों के जल जंगल जमीन पर हक को और मजबूत किया है। ग्राम सभाओं को पहली बार वन संसाधन अधिकार पत्र वितरित किये गए हैं। तेंदूपत्ता संग्रहण दर 2500 रुपए से बढ़ाकर 4 हजार रुपए प्रति मानक बोरा किया गया है। समर्थन मूल्य में खरीदे जाने वाले वनोपज की संख्या 7 से बढ़ाकर 52 हो चुकी है। शासन द्वारा किये जा रहे कार्यों से आदिवासी क्षेत्रों में रोजगार के कई मौके सृजित हो रहे है। राज्य सरकार आदिवासियों की प्राचीनतम परंपरा, संस्कृति और जीवन मूल्यों को सहेजते हुए उनके विकास के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, अनुसूचित जाति एवं जनजातीय विकास मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, मुख्यमंत्री के सलाहकार राजेश तिवारी सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थिति रहे। रायगढ़ से उच्च शिक्षा मंत्री उमेश








पटेल, विधायक सारंगढ़ श्रीमती उत्तरी गनपत जांगड़े, कलेक्टर भीम सिंह विडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल ने सभी को विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनायें दी। उन्होंने परम्परागत वन क्षेत्र निवासियों को वन अधिकार पत्र के वितरण किया जा रहा है। इसमें ग्राम सभाओं को भी शामिल करते हुए उन्हें सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र दिया जा रहा है। इससे आदिवासी समुदाय को विकास की एक नयी राह मिली है। इसके साथ ही उन्होंने विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर सम्मानित हो रहे एकलव्य विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों को शुभकामनायें देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस मौके पर कलेक्टर भीम सिंह ने विश्व आदिवासी दिवस पर जिले में वितरित किये जा रहे वन अधिकार पत्रों के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में आज कुल 24 हजार 356 हेक्टेयर भूमि के लिए वन अधिकार पत्र दिए जा रहे हैं। जिसमें से 118 हितग्राहियों को 34.67 हेक्टेयर का व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र तथा 39 ग्राम सभाओं को 24 हजार 321 हेक्टेयर का सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र वितरित किया जा रहा है। इसके साथ ही 1130 हितग्राहियों को वन अधिकार पत्र पुस्तिका का वितरण भी किया जा रहा है। साथ ही जिले में अप्रेल 2020 से अब तक 588 हेक्टेयर भूमि का 1308 व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र, 50 हजार 233 हेक्टेयर भूमि के 3529 सामुदायिक वन अधिकार पत्र तथा 1 लाख 46 हजार 223 हेक्टेयर भूमि के तथा 295 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र बांटे गए हैं।

इस मौके पर अपर कलेक्टर आर.ए.कुरुवंशी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास अविनाश श्रीवास सहित वन अधिकार पत्र प्राप्त करने वाले हितग्राही व विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**24 हजार 356 हेक्टेयर भूमि के वन अधिकार पत्र वितरित-** आज व्यक्तिगत और सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र मिलकर कुल 24 हजार 356 हेक्टेयर भूमि के लिए वन अधिकार पत्र दिए गए। जिसमें से 118 हितग्राहियों को 34.67 हेक्टेयर का व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र तथा 39 ग्राम सभाओं को 24 हजार 321 हेक्टेयर का सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र वितरित किये गए। कार्यक्रम के दौरान विकासखंड खरसिया के केवाली के टीकाराम राठिया, हीरादास महंत, चैनदास महंत, बाबूलाल राठिया, दिलीप राठिया व घसियारम राठिया को उनके व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र सौंपे गए। इसी प्रकार विकासखंड लैलूंगा के कुंजारा, बिरसिंघा, ढोरोंबिजा, धौराडाड़, टुरटुरा, चंवरपुर, जमुना, बैस्कीमुड़ा, नारायणपुर, भुइंयापानी तथा विकासखंड धरमजयगढ़ के संगरा, गणेशपुर, घोंचल, पण्डरीपानी, खम्हार, बंगरसुता, चाल्हा, साजापाली, बताती, सलखेता के ग्राम सभाओं के प्रतिनिधियों को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र दिए गए।

**मेधावी छात्र हुए सम्मानित-** विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर रायगढ़ जिले के खरसिया विकासखंड अंतर्गत छोटेमुड़पार में संचालित बालक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें कक्षा बारहवीं के विश्वजीत सिदार, कृष्णा कुमार, तोरन चन्द्रभान सिंह, कक्षा दसवीं के दुर्गेश कुमार राठिया, पुष्पेन्द्र राठिया, अभय कुजूर और भवानी सिंह राठिया शामिल रहे।

**पिताजी के समय से काबिज भूमि का अब हक मिलने पर है बेहद खुशी-टीकाराम-** कार्यक्रम में जिले के खरसिया विकासखंड के केवाली गाँव के रहने वाले टीकाराम राठिया को 0.202 हेक्टेयर भूमि का व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र मिला। इस पर उन्होंने कहा कि इस जमीन पर उनके पिताजी के समय से उनका परिवार काबिज हैं और आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल से उन्हें जमीन का हक मिला है, जिसकी उन्हें बेहद खुशी है।

# ट्रक में लोड 25 टन अवैध कबाड़ की जब्त

» पिछले 3 दिनों में कोतवाली पुलिस की अवैध कबाड़ पर तीसरी कार्रवाई

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के निर्देशन पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिरों का जाल बिछाकर लगातार अवैध कबाड़ के परिवहन पर कार्यवाही किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज दिनांक 09/08/2021 को मुखबिर सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए ढिमरापुर चौक के आगे उर्दना रोड में नाकेबंदी कर मुखबिर द्वारा बताए गए 14 चक्का ट्रक क्रमांक सीजी 06 जी.एन. 9270 को रोक कर चेक किया गया। ट्रक पूरी तरह से तिरपाल से ढकी हुई थी, तिरपाल हटाकर देखने पर वाहन के डाला




में पुराने गाड़ियों के पाट्र्स, लोहे की रॉड, एंगल वगैरह लोड थे। ट्रक के चालक भूपेंद्र सिंह राठौर से पूछताछ करने पर ट्रक में लोड कबाड़ के संबंध में कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दे पाया। वाहन में लोड़ कबाड अवैध होने के संदेह पर कोतवाली पुलिस द्वारा वाहन का वजन कराया गया जिसमें करीब 25 टन कबाड़ कीमती ?7,00,000 पाया गया। वाहन चालक भूपेंद्र सिंह राठौर पिता अमर सिंह राठौर उम्र 34 वर्ष निवासी जैतहरी, थाना जैतहरी जिला अनूपपुर (मध्य प्रदेश) के विरुद्ध इस्तगासा धारा 41(1+4) सीआरपीसी /379 आईपीसी के तहत कार्यवाही कर आरोपी को रिमांड पर भेजा गया है। ज्ञात हो कि पिछले 3 दिनों के भीतर दिनांक 06/08/2021 के शाम 6 चक्का ट्रक में 7 टन अवैध कबाड़ तथा उसी रात्रि 14 चक्का ट्रक 22 कबाड़ अवैध कबाड़ के परिवहन पर कार्रवाही करते करीब 8,50,000 रूपये का कबाड़ जब्त कर आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। इस अवैध कारोबार पर पूरी तरह शिकंजा कसने की दिशा में आज फिर एक कार्यवाही कोतवाली पुलिस द्वारा की गई है, सम्पूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष नागर, प्रधान आरक्षक श्यामदेव साहू, ताराचंद पटेल, आरक्षक नवीन शुक्ला की अहम भूमिका रही है।

# एक लाख के इनामी नक्सली सहित 2 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान लोन वर्राटू अभियान (घर वापस आईये) के तहत आज विश्व आदिवासी दिवस पर एक लाख के इनामी नक्सली सहति 02 नक्सलियों में बड़ेगुडरा जनमिलिशिया कमाण्डर लखेन्द्र कुमार कुंजाम पिता स्व. लिंगा कुंजाम उम्र लगभग 28 वर्ष जाति माड़िया निवासी कुंजामपारा बड़ेगुडरा एवं टेटम मिलिशिया सदस्य भीमा मरकाम पिता रामा मरकाम उन लगभग 27 वर्ष माड़िया निवासी स्कूलपारा टेटम थाना कटेकल्याण ने दंतेवाडा एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा राजेन्द्र जायसवाल के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है। लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 104 ईनामी नक्सलियों सहित कुल 400 नक्सली आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं।

आत्मसमर्पित जनमिलिशिया कमाण्डर लखेन्द्र कुमार कुंजाम अलग-अलग स्थानों पर रोड़ काटकर मार्ग अवरोध करने की घटना में शामिल था। मुख्यमार्ग पर नक्सली बेनर, पोस्टर पाम्पलेट लगाने की घटना में शामिल था । आत्मसमर्पित मिलिशिया सदस्य भीमा मरकाम वर्ष 2017 में पुलिस को जान से मारने व हथियार लूटने की नियत से दन्तेवाड़ा से कटेकल्याण जाने वाले मार्ग पर ग्राम गाटम पुलिया के पास प्रेशर आईईडी लगाने की घटना में शामिल था।

# पुटकापुरी ईंट भट्ठा के पास जुआ खेलते 8 जुआरी गिरफ्तार, जुआरियों में महिला भी शामिल

» फड से 25 हजार 410 रुपए नगदी, 3 मोटरसायकल व 1 स्कूटी की जब्त

**रायगढ़।** थाना पुसौर अन्तर्गत ग्राम पुटकापुरी में ईट भट्ठा के पास जुआ की सूचना पर थाना प्रभारी पुसौर निरीक्षक विजय पैंकरा के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक मोहम्मद दिलदार कुरैशी, आरक्षक जगमोहन लाल ओग्रे, नर्मदा प्रसाद यादव, दिगम्बर पटेल, अमर कुमार खुंटे, ताराचंद सिदार, विक्रमसिंह सिदार, दिनेश कुमार सिदार, महिला आरक्षक एम्ब्रेसिया टोप्पो की टीम द्वारा शाम करीब 17:30 बजे जुआ फड के पास घेराबंदी कर रेड किया गया। इस दौरान आरोपी 1- अनिल अग्रवाल पिता सजन अग्रवाल उम्र 46 वर्ष निवासी छोटे अतरमुडा थाना



चक्रधरनगर, 2- रामधिरज निषाद पिता जयनारायण निषाद उम्र 52 वर्ष निवासी कैदीमुडा चौकी जुटमिल, 3- रविदास महंत पिता ईतवारी दास उम्र 35 वर्ष निवासी मिट्ठूमुडा दुर्गा चौक चौकी जूटमिल, 4-चंदन लाल साहु पिता श्याम लाल साहु उम्र 35 वर्ष निवासी केलोबिहार जगन्नाथपुरम थाना चक्रधरनगर, 5-पूर्णचंद साव पिता ननकीराम साव उम्र 33 वर्ष निवासी बालमगोडा थाना कोतरारोड, 6-प्रकाश चौहान पिता शंकरलाल चौहान उम्र 26 वर्ष निवासी गोबरसिंघा थाना बरमकेला, 7-जीतराम पटेल पिता स्व0 लोचन प्रसाद पटेल उम्र 29 वर्ष निवासी देवगांव थाना सरिया, 8- तुलसी चौहान पति रवि चौहान उम्र 31 वर्ष निवासी रामभाठा जवाहर नगर थाना कोतवाली पकड़े गये जिनके फड एवं पास से जुमला रकम 25,410 रुपए 52 पत्ती तास एवं घटना स्थल से 03 मोटर सायकल व 01 स्कूटी की जब्ती की गई है। आरोपियों पर थाना पुसौर में 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# 14 साल से फरार अमानत में खयानत का आरोपी पकड़ाया

» आरोपी ने वाहन स्वामी व ट्रक ड्राइवर के साथ मिलकर 11.5 टन मैग्नीज का किया था अफरा-तफरी

**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा द्वारा फरार आरोपियों की पतासाजी गिरफ्तारी के लिये दिये गये निर्देशों पर कार्य करते हुये थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक कृष्णकांत सिंह को 14 साल से फरार अमानत में खयानत के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हाथ लगी है। इसके पहले लगातार पुलिस टीम आरोपी के निवास स्थान जाकर दबिश दिया जा रहा था किंतु आरोपी लंबे समय से अपना ठिकाना बदल कर छावनी भिलाई में रहने लगा था,



जिसकी गिरफ्तारी उपरांत 14 साल बाद प्रकरण का पूरक चालान धारा 173(8) सीआरपीसी के तहत पेश किया जावेगा।

जानकारी के अनुसार रायगढ़ उर्दना स्थित दशमेश ट्रांसपोर्ट के माध्यम से सीजी 04 जेड.सी. 4854 में तिरुपति बालाजी एलायज प्राइवेट लिमिटेड पूंजीपथरा रायगढ़ से मैग्नीज लोड कर विजय प्रोफाइल लिमिटेड एमआईडीसी तारापुर (महाराष्ट्र) भेजा गया था। ट्रक का चालक संतोष रजक दिनांक 27/01/2007 को ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेड.सी. 4854 में मैग्नीज लेकर निकला था जिसे ट्रक स्वामी स्वर्ण सिंह फोन कर माल के साथ भिलाई बुलाया। दोनों ट्रक में लोड मैगनीज को बेचकर लाभ कमाने के उद्देश्य से भिलाई, राजनांदगांव, साकोली महाराष्ट्र में अलग-अलग व्यापारियों के पास बिक्री कर 6 लाख रुपए प्राप्त किये। घटना के संबंध में थाना पूंजीपथरा में अपराध क्रमांक 01/2007 धारा 407, 465, 468, 414, 34 भा.द.वि. का अपराध दोनों आरोपियों के विरुद्ध दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी की गई। प्रकरण के आरोपी संतोष रजक को गिरफ्तार कर फरार आरोपी स्वर्ण सिंह के विरुद्ध 173(8)सीआरपीसी के चालान न्यायालय पेश किया गया था। माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी स्वर्ण सिंह के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया जिसके पालन में पूंजीपथरा पुलिस लगातार आरोपी के निवास कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड भिलाई पर दबिश दी जा रही थी किंतु आरोपी अपना निवास स्थान बदल चुका था जिससे पुलिस के हाथ नहीं आ रहा था। टीआई पूंजीपथरा कृष्णकांत सिंह द्वारा मुखबीर लगाकर आरोपी की पतासाजी कराई गई। आरोपी के छावनी भिलाई में निवास करने की सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा सहायक उपनिरीक्षक सेमसोन मिंज एवं आरक्षक अनूप मिंज को भिलाई छावनी रवाना किया गया ,जिनके द्वारा आरोपी स्वर्ण सिंह पिता दिलीप सिंह उम्र 56 वर्ष निवासी कैलाश नगर हाउसिंग बोर्ड भिलाई जिला दुर्ग को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपी द्वारा अपना अपराध स्वीकार किया गया है, आरोपी के विरुद्ध शीघ्र पूरक चालान न्यायालय पेश किया जावेगा, आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480